*(d)* भूमिका निष्क्रमण : दो या अधिक विभिन्न प्रस्थितियों से संगत भूमिकाओं में असंगतता

**66.** A medical specialist working in a government hospital compares herself/himself with a specialist with similar educational qualifications and experience working in the private sector and finds that the latter is earning a higher income. The specialist in the former case feels that her/his was a case of

1. discrimination against her/him
2. exploitation
3. relative deprivation

Which of the above is/are correct on the basis of functional analysis?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 3 only

**67.** Which one of the following is ***not*** typical of industrial society?

*(a)* Bonded labour

*(b)* Wage labour

*(c)* Women's household labour

*(d)* Unorganized labour

**68.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I* *(Type of society)* | *List–II* *(Prominent feature)* |
|---|---|
| A. Agrarian society | 1. Shifting cultivation |
| B. Tribal society | 2. Patron-client relation |
| C. Industrial society | 3. Mass production |
| D. Post-industrial society | 4. Information technology |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 1 | 2 | 3 |
| *(b)* | 4 | 2 | 1 | 3 |
| *(c)* | 2 | 1 | 3 | 4 |
| *(d)* | 2 | 3 | 1 | 4 |

**66.** सरकारी चिकित्सालय में कार्यरत एक चिकित्सा विशेषज्ञ निजी क्षेत्र में कार्यरत समान शैक्षणिक योग्यताओं एवं अनुभव वाले विशेषज्ञ के साथ अपनी तुलना करने पर पाता/पाती है कि निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ की आय उसकी आय से अधिक है। सरकारी चिकित्सालय का/की विशेषज्ञ महसूस करता/करती है कि उसका मामला

1. उसके स्वयं के प्रति भेदभाव का है
2. शोषण का है
3. सापेक्ष वंचन का है

प्रकार्यवादी विश्लेषण के आधार पर उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* केवल 3

**67.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, औद्योगिक समाज का प्रारूपिक **नहीं** है?

*(a)* बंधुआ मज़दूर

*(b)* मज़दूरी श्रमिक

*(c)* महिलाओं का घरेलू श्रम

*(d)* असंगठित मज़दूर

**68.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची-I (समाज का प्रकार)** | **सूची-II (प्रमुख अभिलक्षण)** |
|---|---|
| A. कृषिक समाज | 1. झूम कृषि |
| B. जनजातीय समाज | 2. संरक्षक-सेवार्थी सम्बन्ध |
| C. औद्योगिक समाज | 3. पुंज उत्पादन |
| D. उत्तर-औद्योगिक समाज | 4. सूचना प्रौद्योगिकी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 1 | 2 | 3 |
| *(b)* | 4 | 2 | 1 | 3 |
| *(c)* | 2 | 1 | 3 | 4 |
| *(d)* | 2 | 3 | 1 | 4 |

**69.** A movement from an old to a new social order, from the traditional to the modern, from pre-industrial to industrial, from rural to the urban way of life, from small-scale personal to large-scale impersonal society, from simple society to complex modern society; refers to various sociological theories of

*(a)* social movement

*(b)* social change

*(c)* social conflict

*(d)* social development

**70.** Consider the following statements :

1. In all societies, arrangements exist for the social recognition of who may legitimately mate with whom.

2. In all societies, arrangements exist for giving legitimacy to the children, giving them social recognition, an identity, a name, membership of a socially recognized group.

3. In all societies, there exists an anticipatory provision for the needs of the mother-child unity, which is generally regarded as the basic unit of the kinship system.

Which one of the following social institutions is referred to in the statements given above?

*(a)* The family

*(b)* Kinship

*(c)* Marriage

*(d)* Household

**71.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I* | *List–II* |
|---|---|
| A. Nation | 1. Institution |
| B. State | 2. Social control |
| C. Sanctions | 3. Ideas about right and wrong behaviour |
| D. Morals | 4. Community |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(b)* | 4 | 2 | 1 | 3 |
| *(c)* | 2 | 1 | 3 | 4 |
| *(d)* | 4 | 1 | 2 | 3 |

**69.** पुरानी से नई सामाजिक व्यवस्था, परम्परा से आधुनिक, पूर्व-औद्योगिक से औद्योगिक, ग्रामीण से नगरीय जीवन-शैली, लघु-रूपी वैयक्तिक से वृहत्-रूपी अवैयक्तिक समाज, सरल समाज से जटिल आधुनिक समाज की ओर संचलन किसके विभिन्न समाजशास्त्रीय सिद्धान्तों को निर्दिष्ट करता है?

*(a)* सामाजिक आन्दोलन

*(b)* सामाजिक परिवर्तन

*(c)* सामाजिक संघर्ष

*(d)* सामाजिक विकास

**70.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सभी समाजों में सामाजिक मान्यता की व्यवस्था विद्यमान होती है कि कौन किससे वैध रूप से समागम करे।
2. सभी समाजों में सन्तानों को वैधता देने, उन्हें सामाजिक मान्यता, पहचान, नाम, सामाजिक रूप से मान्य समूह की सदस्यता देने की व्यवस्था होती है।
3. सभी समाजों में सामान्यतः नातेदारी प्रणाली की आधारभूत इकाई मानी जाने वाली, माँ-सन्तान एकता की आवश्यकताओं हेतु पूर्वापेक्षी प्रावधान होता है।

उपर्युक्त कथनों में, निम्नलिखित में से कौन-सी एक सामाजिक संस्था निर्दिष्ट है?

*(a)* परिवार

*(b)* नातेदारी

*(c)* विवाह

*(d)* गृह

**71.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| A. राष्ट्र | 1. संस्था |
| B. राज्य | 2. सामाजिक नियंत्रण |
| C. अनुशास्तियाँ | 3. सही और गलत व्यवहार के बारे में विचार |
| D. आचार | 4. समुदाय |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(b)* | 4 | 2 | 1 | 3 |
| *(c)* | 2 | 1 | 3 | 4 |
| *(d)* | 4 | 1 | 2 | 3 |

**72.** An actress/actor in order to excel in her/his occupational role sacrifices her/his kinship role. Which one of the following is the correct term to explain such behaviour?

*(a)* Role conflict

*(b)* Social distance

*(c)* Deviant motivation

*(d)* Role conformity

**73.** What did Adam Smith mean when he wrote that "the division of labour is limited by the extent of the market ...... There are some sorts of industry, even of the lowest kind, which can be carried on nowhere but in a great town"?

*(a)* The market is of little importance in any town

*(b)* As the division of labour becomes more complex, the economy becomes simpler

*(c)* The economic development is usually closely linked to the growth of towns

*(d)* The economic development does not hinge upon the growth of towns

**74.** Advanced technology is the central feature of an advanced society, because technology

*(a)* makes all other societies appear primitive by contrast

*(b)* refers to little division of labour between parts

*(c)* gives people greater independence of their environment

*(d)* does not respect race, class or caste

**75.** Consider the following passage and answer the question given below :

*Unlike the newborn calf, which gets up and walks within hours of its birth, human cannot even sit up for several months. They learn how to behave, starting with control over their bowel movements and eating habits. They are at the same time encouraged to internalize norms of conduct, to practice self-control and to practice their own capacity to learn and to create.*

Which one of the following processes would best describe what the author of the above passage is trying to explain?

*(a)* The process of cultural assimilation

*(b)* The process of natural growth

*(c)* The process of socialization

*(d)* The process of social development

**72.** एक अभिनेता/अभिनेत्री अपनी व्यावसायिक भूमिका में उत्कृष्ट बनने के लिए अपनी नातेदारी भूमिका का उत्सर्ग कर देता/देती है। ऐसे व्यवहार की व्याख्या के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा एक पद सही है?

*(a)* भूमिका द्वन्द्व

*(b)* सामाजिक अन्तर

*(c)* विसामान्य अभिप्रेरण

*(d)* भूमिका अनुकूलन

**73.** एडम स्मिथ का क्या अर्थ था जब उसने लिखा, ''बाजार के विस्तार से श्रम-विभाजन सीमित हो जाता है...... कुछ इस प्रकार के उद्योग हैं, छोटे-से-छोटे उद्योग भी, जो किसी बड़े नगर के अलावा कहीं भी नहीं चलाये जा सकते हैं''?

*(a)* किसी भी नगर में बाजार अल्प महत्त्व का होता है

*(b)* जैसे-जैसे श्रम-विभाजन जटिलतर होता है, अर्थव्यवस्था सरलतर होती जाती है

*(c)* आर्थिक विकास प्रायः नगरों की वृद्धि के साथ घनिष्ठता से जुड़ा होता है

*(d)* आर्थिक विकास नगरों की वृद्धि पर निर्भर नहीं रहता है

**74.** उन्नत प्रौद्योगिकी एक उन्नत समाज का केन्द्रीय अभिलक्षण क्यों है?

*(a)* क्योंकि प्रौद्योगिकी की दृष्टि से, वैषम्य रूप से सभी अन्य समाज आदिम दिखने लगते हैं

*(b)* क्योंकि प्रौद्योगिकी विभिन्न भागों के बीच अल्प श्रम-विभाजन को निर्दिष्ट करती है

*(c)* क्योंकि प्रौद्योगिकी लोगों को उनके परिवेश से अपेक्षाकृत अधिक स्वतंत्रता प्रदान करती है

*(d)* क्योंकि प्रौद्योगिकी प्रजाति, वर्ग या जाति को कोई महत्त्व नहीं देती है

**75.** निम्नलिखित परिच्छेद पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

*जन्म के कुछ घण्टों के अन्दर ही खड़े होकर चलने लगने वाले नवजात बछड़े के विपरीत, मानव के लिए जन्म के कई महीनों बाद तक बैठ पाना भी सम्भव नहीं होता। वे धीरे-धीरे मल त्याग की क्रियाओं और खाने की आदतों पर नियंत्रण पाने से प्रारम्भ कर बरताव करना सीखते हैं। साथ ही उन्हें आचार के प्रतिमानों के आभ्यन्तरीकरण को, आत्म-संयम के पालन को और सीखने एवं रचना करने की स्वयं की क्षमता का अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।*

निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया सर्वोत्तम रूप में उसे वर्णित करेगी जो उपर्युक्त परिच्छेद के लेखक ने स्पष्ट करने का प्रयास किया है?

*(a)* सांस्कृतिक आत्मसात्करण की प्रक्रिया

*(b)* सहज संवृद्धि की प्रक्रिया

*(c)* समाजीकरण की प्रक्रिया

*(d)* सामाजिक विकास की प्रक्रिया

76. Alters are differentiated in terms of their degrees as well as types of significance to ego, and that the force of a sanction is therefore a function of its source in this respect as well as in others. Which one of the following is the correct concept to describe the above?

(a) Closeness

(b) Social control

(c) Social distance

(d) Role-pattern

77. When a caste from Sudra Varna emulates customs, habits, manners, dresses, foods, etc., along with various other cultural elements of a high caste of the locality, the process can be termed as


(a) Brahmanization

(b) Sanskritization

(c) upward caste mobility

(d) change in the structural position of the caste

78. Consider the following figure and identify from the code given below the explanation of the figure :




*Code* :

(a) Multiple roles of Poornima

(b) The role-set of Poornima

(c) Role conflict of Poornima at work

(d) Role performance of Poornima at work

79. Which of the following is/are the feature(s) of 'class' as interpreted by Max Weber?

1. A class is a group of individuals sharing a similar position in the market economy.
2. Conflict on economic interests between the classes leads to their abolition.
3. Political power of the classes is derived from economic power.
4. No polarization of the classes takes place.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 1 only

(b) 1 and 4

(c) 2 and 4

(d) 1 and 3

**76.** अंतरंग (आल्टर) अहम् (ईगो) से अपनी सार्थकता की मात्रा, साथ ही, प्रकारों के आधार पर विभेदित होते हैं तथा एक अनुशास्ति का बल, इस मामले एवं अन्य के सम्बन्ध में, इसीलिए इसके स्रोत का प्रकार्य होता है। निम्नलिखित में से कौन-सी सम्प्रत्यय उपर्युक्त के वर्णन हेतु सही है?

*(a)* निकटता

*(b)* सामाजिक नियंत्रण

*(c)* सामाजिक अन्तर

*(d)* भूमिका प्रतिरूप

**77.** जब शूद्र वर्ण की कोई जाति अपने इलाके की उच्च जाति की प्रथाओं, अभ्यासों, रीतियों, वेशभूषाओं, आहारों आदि के साथ-साथ अन्य विभिन्न सांस्कृतिक तत्त्वों का समानुकरण करती है, तो इस प्रक्रिया को क्या कहा जा सकता है?


*(a)* ब्राह्मणीकरण

*(b)* संस्कृतीकरण

*(c)* ऊर्ध्वमुखी जाति गतिशीलता

*(d)* जाति की संरचनात्मक स्थिति में परिवर्तन

**78.** निम्नांकित रेखाचित्र पर विचार कीजिए और रेखाचित्र की व्याख्या को नीचे दिए गए कूट से पहचानिए :




**कूट :**

*(a)* पूर्णिमा की बहुविध भूमिका

*(b)* पूर्णिमा का भूमिका-विन्यास

*(c)* कार्य में पूर्णिमा का भूमिका-द्वन्द्व

*(d)* कार्य में पूर्णिमा का भूमिका निष्पादन

**79.** मैक्स वेबर द्वारा यथा-निरूपित 'वर्ग' की विशेषता/विशेषताएँ निम्नलिखित में से कौन-सी है/हैं?

1. वर्ग, बाजार की अर्थव्यवस्था में समान स्थिति के सहभागी व्यक्तियों का एक समूह है।
2. वर्गों के बीच आर्थिक हितों के संघर्ष से वे समाप्त होते जाते हैं।
3. वर्गों की राजनैतिक शक्ति आर्थिक शक्ति से व्युत्पन्न होती है।
4. वर्गों में कोई ध्रुवीकरण नहीं होता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* 1 और 4

*(c)* 2 और 4

*(d)* 1 और 3

**80.** Which of the following is/are the main feature(s) of the post-Fordism?

1. Flexible production with flexible specialization made according to satisfaction of consumers
2. Very rigid production unit keeping target of fixed production
3. Production is environment friendly
4. Large-scale production of fixed standardized goods for large group of masses

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3

*(c)* 2 and 4

*(d)* 1 and 3

**81.** Who among the following is a prominent member of the social structure of 'Little Tradition' in India?

*(a)* Folk artists

*(b)* Teachers

*(c)* Elites

*(d)* Nobles

**82.** In which of the following, the Jajmani system was operative in India?

1. Caste system
2. Religious system
3. Kinship system
4. Political system

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1, 3 and 4

*(d)* 1, 2 and 3

**83.** Which one of the following is the correct feature of peasant economy?

*(a)* Small-scale production on land only for family consumption

*(b)* Production on land for selling a part of the produce in the market

*(c)* Production on land for selling the products in the market for profit-making motive

*(d)* Production on land for family consumption and selling the surplus for profit

**80.** उत्तर-फोर्डवाद की प्रमुख विशेषता/विशेषताएँ निम्नलिखित में से कौन-सी है/हैं?

1. उपभोक्ताओं की सन्तुष्टि के अनुरूप किया गया लचीले विशेषीकरण के साथ लचीला उत्पादन
2. स्थिर उत्पादन के लक्ष्य वाली अधिक अनम्य उत्पादन इकाई
3. उत्पादन पर्यावरण अनुकूली है
4. वृहत् जन-समूहों के लिए, निर्धारित मानकीकृत वस्तुओं का बड़े पैमाने पर उत्पादन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* 2 और 3

*(c)* 2 और 4

*(d)* 1 और 3

**81.** निम्नलिखित में से कौन भारत में 'लघु परम्परा (लिटिल ट्रैडिशन)' की सामाजिक संरचना का प्रमुख सदस्य है?

*(a)* लोक कलाकार

*(b)* अध्यापक

*(c)* सम्भ्रान्त व्यक्ति

*(d)* अभिजात-वर्ग

**82.** भारत में, निम्नलिखित में से किसमें/किनमें जजमानी व्यवस्था प्रचलित थी?

1. जाति व्यवस्था
2. धार्मिक व्यवस्था
3. नातेदारी व्यवस्था
4. राजनीतिक व्यवस्था

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* 1, 3 और 4

*(d)* 1, 2 और 3

**83.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक, खेतिहर अर्थव्यवस्था की सही विशेषता है?

*(a)* केवल परिवार के उपभोग हेतु, भूमि पर लघु मात्रा का उत्पादन

*(b)* उपज का एक भाग बाजार में बेचने हेतु भूमि पर उत्पादन

*(c)* लाभ कमाने के अभिप्राय से उत्पादों को बाजार में बेचने हेतु, भूमि पर उत्पादन

*(d)* परिवार के उपभोग हेतु एवं अधिशेष को लाभ हेतु बेचने के लिए, भूमि पर उत्पादन

**84.** A person pursuing postgraduate studies in a medical college interacts not only with the teachers but with other students, nurses, medical technicians, etc. How could this be conceptualized in terms of the functional analysis?

1. Multiple roles
2. Role conflict
3. Role-set
4. Status

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 4

*(b)* 3 only

*(c)* 1 and 3

*(d)* 2

**85.** Which one of the following is ***not*** a feature of an urban community?

*(a)* Increasing commercial activities

*(b)* Social control on kinship basis

*(c)* Increasing division of labour

*(d)* Increasing social complexity

**86.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List–I (Concept)* | | *List–II (Explanation)* |
|---|---|---|---|
| A. | Incest | 1. | Kin through any link |
| B. | Exogamy | 2. | Kin through male link |
| C. | Cognate | 3. | Sexual relations |
| D. | Agnate | 4. | Conjugal relations |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(b)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(c)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(d)* | 2 | 1 | 4 | 3 |

**87.** Consider the following :

1. Peasant family form as a unit of consumption and production
2. Agriculture as the main source of livelihood
3. Domination of peasantry by outsiders
4. Specific traditional culture related to the way of life of small communities

Which of the above are the characteristics of Indian peasantry?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 4 only

*(c)* 1, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**84.** किसी मेडिकल कॉलेज में स्नातकोत्तर अध्ययन करने वाला व्यक्ति न केवल शिक्षकों के साथ बल्कि अन्य छात्रों, नर्सों, चिकित्सा टेकनीशियनों आदि के साथ भी अन्योन्यक्रिया करता है। इसे कार्यपरक विश्लेषण में किस प्रकार सम्प्रत्ययीकृत किया जा सकता है?

1. बहु-भूमिकाएँ
2. भूमिका द्वन्द्व
3. भूमिका-विन्यास
4. प्रस्थिति

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1 और 4

*(b)* केवल 3

*(c)* 1 और 3

*(d)* 2

**85.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, नगरीय समुदाय का अभिलक्षण **नहीं** है?

*(a)* बढ़ते हुए वाणिज्यिक कार्यकलाप

*(b)* नातेदारी आधार पर सामाजिक नियंत्रण

*(c)* बढ़ता हुआ श्रम-विभाजन

*(d)* बढ़ती हुई सामाजिक जटिलता

**86.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (संकल्पना)** | **सूची–II (व्याख्या)** |
|---|---|
| A. अगम्यगमन | 1. किसी भी कड़ी से जुड़े नातेदार |
| B. बहिर्विवाह | 2. पुरुष कड़ी से जुड़े नातेदार |
| C. मातृज्ञाति (कॉग्नेट) | 3. यौन सम्बन्ध |
| D. पितृज्ञाति (ऐग्नेट) | 4. दाम्पत्य सम्बन्ध |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(b)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(c)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(d)* | 2 | 1 | 4 | 3 |

**87.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. उत्पादन और उपभोग की इकाई के रूप में कृषक परिवार संरचना
2. जीविका के मुख्य स्रोत के रूप में कृषि
3. बाहरी लोगों द्वारा कृषक-वर्ग का प्रभुत्व
4. लघु समुदायों की जीवन-पद्धति से जुड़ी विशिष्ट पारम्परिक संस्कृति

उपर्युक्त में से कौन-से, भारतीय कृषक-वर्ग के अभिलक्षण हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 4

*(c)* केवल 1, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**88.** The study of changes in the material aspects and the non-material aspects of culture has been used for understanding

1. the causes of change in society
2. the elements of culture
3. the discrepancies between the rates of change in different sectors of social life

Select the correct answer using the code given below :

*Code :*

*(a)* 1 and 3

*(b)* 2 and 3

*(c)* 1 only

*(d)* 3 only

**89.** Who among the following is/are considered as 'Alliance' theorist(s)?

1. B. Malinowski
2. R. Needham
3. A. R. Radcliffe-Brown
4. C. Lévi-Strauss

Select the correct answer using the code given below :

*Code :*

*(a)* 4 only

*(b)* 1 and 4

*(c)* 2 and 3

*(d)* 2 and 4

**90.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List-I (Interpretation of caste)* | *List-II (Scholar)* |
|---|---|
| A. Caste is a 'closed community' | 1. L. Dumont |
| B. Caste is a 'closed organic stratification' | 2. G. Myrdal |
| C. Caste is an 'extreme form of absolutely rigid class' | 3. F. Bailey |
| D. Caste is an 'expression of hierarchy rather than stratification' | 4. M. Weber |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(b)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(c)* | 3 | 1 | 2 | 4 |
| *(d)* | 1 | 4 | 3 | 2 |

**88.** संस्कृति के भौतिक पक्षों एवं अभौतिक पक्षों में परिवर्तन के अध्ययन का उपयोग किया गया है

1. समाज में परिवर्तन के कारणों को समझने के लिए
2. संस्कृति के तत्त्वों को समझने के लिए
3. सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तन की दरों के बीच विसंगतियों को समझने के लिए

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1 और 3

*(b)* 2 और 3

*(c)* केवल 1

*(d)* केवल 3

**89.** निम्नलिखित में से कौन, 'सहबन्ध (अलायंस)' सिद्धान्तकार के रूप में जाना जाता है/जाने जाते हैं?

1. बी० मालिनॉव्स्की
2. आर० नीधम
3. ए० आर० रैडक्लिफ़-ब्राउन
4. सी० लेवी-स्ट्रॉस

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 4

*(b)* 1 और 4

*(c)* 2 और 3

*(d)* 2 और 4

**90.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (जाति की व्याख्या)** | **सूची–II (विद्वान्)** |
|---|---|
| A. जाति 'संवृत समुदाय' है | 1. एल० ड्यूमाँ |
| B. जाति 'संवृत अवयवी स्तरीकरण' है | 2. जी० मिर्डल |
| C. जाति 'नितान्त कठोर वर्ग का चरम रूप' है | 3. एफ० बैली |
| D. जाति 'सोपानिकी, न कि स्तरीकरण, की अभिव्यक्ति' है | 4. एम० वेबर |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(b)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(c)* | 3 | 1 | 2 | 4 |
| *(d)* | 1 | 4 | 3 | 2 |

**91.** Consider the following statements in the context of 'acculturation' :

1. Although acculturation is usually in the direction of a minority group adopting habits and language patterns of the dominant group, acculturation can be reciprocal, that is, the dominant group also adopts patterns typical of the minority group.
2. The most comprehensive measure of acculturation for use in health services and epidemiological research in Mexican-American populations was developed by Hazuda *et al.* (1988).

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**92.** In some societies, property is transferred in the male line from father to the youngest son. Which one of the following would best describe this rule?

*(a)* Patriarchy

*(b)* Ultimogeniture

*(c)* Primogeniture

*(d)* Patrilineal

**93.** Consider the following statements :

1. The Constitution of India provides for the Tribes Advisory Council in the Scheduled area only.
2. The functions of Tribes Advisory Council and District Council are the same as per the provisions of the Constitution of India.
3. The Tribes of Nagaland are covered under the provisions of the Fifth Schedule to the Constitution of India.
4. The Sixth Schedule to the Constitution of India provides for the formation of the District Council and the Regional Council.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 4 only

*(b)* 3 only

*(c)* 1 and 3

*(d)* 2 and 4

**94.** Class differentiation in advanced industrial society is based on

*(a)* economy

*(b)* race and ethnicity

*(c)* power and authority

*(d)* individual performance

**91.** 'परसंस्कृतिग्रहण' के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यद्यपि परसंस्कृतिग्रहण की सामान्य दिशा अल्पसंख्यक समूह द्वारा प्रभावी समूह की आदतों और भाषा प्रतिरूपों को अपनाने की ओर होती है, परसंस्कृतिग्रहण पारस्परिक हो सकता है—अर्थात्, प्रभावी समूह भी अल्पसंख्यक समूह के प्रारूपिक प्रतिरूपों को अपनाता है।

2. मेक्सिकन-अमरीकी आबादियों में स्वास्थ्य सेवाओं तथा जानपदिक-रोगविज्ञानीय अनुसंधान में उपयोग के लिए परसंस्कृतिग्रहण का सर्वाधिक व्यापक माप हाज़ूदा एवं अन्य (1988) द्वारा विकसित किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**92.** कुछ समाजों में सम्पत्ति का हस्तान्तरण पुरुष वंशक्रम में पिता से सबसे छोटे पुत्र को होता है। इस नियम को निम्नलिखित में से किस एक के द्वारा सबसे अच्छी तरह वर्णित किया जायेगा?

*(a)* पितृतंत्र

*(b)* कनिष्ठाधिकार

*(c)* ज्येष्ठाधिकार

*(d)* पितृवंशीय

**93.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के संविधान में केवल अनुसूचित क्षेत्र में ही जनजाति सलाहकार परिषद् का उपबन्ध है।

2. भारत के संविधान के उपबन्धों के अनुसार जनजाति सलाहकार परिषद् और ज़िला परिषद् के प्रकार्य एकसमान हैं।

3. नागालैण्ड की जनजातियाँ भारत के संविधान की पाँचवीं अनुसूची के उपबन्धों के तहत आती हैं।

4. भारत के संविधान की छठी अनुसूची ज़िला परिषद् और क्षेत्रीय परिषद् के गठन हेतु उपबन्ध करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 4

*(b)* केवल 3

*(c)* 1 और 3

*(d)* 2 और 4

**94.** उन्नत औद्योगिक समाज में वर्ग-विभेदन किस पर आधारित है?

*(a)* अर्थव्यवस्था

*(b)* प्रजाति और नृजातीयता

*(c)* शक्ति और सत्ता

*(d)* व्यष्टि-निष्पादन

**95.** Which of the following is/are the feature(s) of 'social fact'?

1. Social fact exercises constraints on individual's behaviour.
2. Social fact is any behaviour of an individual.
3. Social fact is regulated by individual's behaviour.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 1 only

**96.** Consider the following statements :

1. Urbanization covers the movement of people permanently or temporarily from village to city.
2. Urbanization refers to the breakdown in religious solidarity of the communities.
3. Urbanization means the extension of cities on the ground in the way in which they grow from small towns or spread out to incorporate villages.
4. Urbanization means transformation of castes into classes.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 4

*(c)* 1 and 3

*(d)* 3 and 4

**97.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List-I (Concept)* | *List-II (Example)* |
|---|---|
| A. Sanskritization | 1. Backward classes movement in South India |
| B. Industrialization | 2. Humanitarianism |
| C. Westernization | 3. Economic growth |
| D. Caste-mobility | 4. Dominant caste |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(b)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(c)* | 2 | 3 | 4 | 1 |
| *(d)* | 1 | 4 | 3 | 2 |

**95.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से, 'सामाजिक तथ्य' का/के अभिलक्षण है/हैं?

1. सामाजिक तथ्य व्यक्ति के व्यवहार पर बाध्यताएँ आरोपित करता है।
2. एक व्यक्ति का कोई भी व्यवहार सामाजिक तथ्य है।
3. सामाजिक तथ्य व्यक्ति के व्यवहार से विनियमित होता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* केवल 1

**96.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. नगरीकरण में गाँव से नगर की ओर स्थायी या अस्थायी रूप में लोगों का संचलन शामिल है।
2. नगरीकरण, समुदायों की धार्मिक एकता में अनुविभाजन को निर्दिष्ट करता है।
3. नगरीकरण का तात्पर्य नगरों का भूमि पर उस रीति से विस्तार है जिसमें वे कस्बों से विकसित होते हैं या गाँवों को समाविष्ट करते हुए फैलते हैं।
4. नगरीकरण का अर्थ जातियों का वर्गों में रूपान्तरण है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* 2 और 4

*(c)* 1 और 3

*(d)* 3 और 4

**97.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (संकल्पना)** | **सूची–II (उदाहरण)** |
|---|---|
| A. संस्कृतीकरण | 1. दक्षिण भारत में पिछड़े वर्गों का आन्दोलन |
| B. उद्योगीकरण | 2. मानवतावाद |
| C. पाश्चात्यीकरण | 3. आर्थिक संवृद्धि |
| D. जाति-गतिशीलता | 4. प्रबल जाति |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(b)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(c)* | 2 | 3 | 4 | 1 |
| *(d)* | 1 | 4 | 3 | 2 |

**98.** Which one among the following does ***not*** form part of the general theory of social action systems as propounded by T. Parsons?

(a) Action is a process in the actor-situation system

(b) Physical objects are means and conditions of ego's action

(c) Physical objects as empirical entities interact with ego

(d) In action terms, the object world is classified as social, physical and cultural

**99.** Soon after independence, a controversy arose in India about whether tribal communities should be assimilated into the mainstream or kept separate with their distinct identities intact. The two major sociologists involved in the controversy were

(a) A. Ayyappan and Verrier Elwin

(b) Verrier Elwin and G. S. Ghurye

(c) N. K. Bose and D. P. Mukherjee

(d) B. S. Guha and B. K. Roy Burman

**100.** Family formed after marriage is called

(a) family of recreation

(b) monogamous family

(c) family of orientation

(d) family of procreation

**101.** Which one of the following is the case of ascriptive status?

(a) A law graduate

(b) A Gram Pradhan

(c) A married person

(d) A woman

**102.** The demographic dividend in India refers to the phenomenon of

(a) increasing proportion of aged persons (65+) in the population

(b) imbalance between the life expectancy of men and women

(c) the decreasing infant mortality rate

(d) the fastest growing working population vis-à-vis dependent population

**98.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, टी० पार्सन्स द्वारा यथा-प्रतिपादित सामाजिक क्रिया प्रणालियों के सामान्य सिद्धान्त का हिस्सा **नहीं** है?

*(a)* क्रिया, कर्त्ता-स्थिति प्रणाली में एक प्रक्रिया है

*(b)* भौतिक पदार्थ अहम् (ईगो) की क्रिया के साधन और दशाएँ हैं

*(c)* इंद्रियानुभविक सत्त्वों के रूप में भौतिक पदार्थों की अहम् (ईगो) के साथ अन्योन्यक्रिया होती है

*(d)* क्रिया के पदों में, वस्तुपरक संसार का सामाजिक, भौतिक और सांस्कृतिक रूप में वर्गीकरण किया जाता है

**99.** स्वतंत्रता के तुरन्त पश्चात्, भारत में इस सम्बन्ध में विवाद उत्पन्न हुआ कि जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा में आत्मसात् कर लिया जाये अथवा उनकी सुस्पष्ट पहचानों को अक्षुण्ण बनाये रखते हुए उन्हें विलग रखा जाये। इस विवाद में कौन दो प्रमुख समाजशास्त्री सम्बद्ध थे?

*(a)* ए० अय्यप्पन और वेरियर एल्विन

*(b)* वेरियर एल्विन और जी० एस० घुर्ये

*(c)* एन० के० बोस और डी० पी० मुखर्जी

*(d)* बी० एस० गुहा और बी० के० राय बर्मन

**100.** विवाह के उपरान्त बने परिवार को क्या कहते हैं?

*(a)* पुनर्सृष्ट परिवार

*(b)* एकविवाही परिवार

*(c)* जन्म परिवार

*(d)* प्रजनन परिवार

**101.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, प्रदायी (ऐस्क्रिप्टिव) प्रस्थिति का उदाहरण है?

*(a)* विधि स्नातक

*(b)* ग्राम प्रधान

*(c)* विवाहित व्यक्ति

*(d)* महिला

**102.** भारत में जनांकिकीय लाभांश किस घटना को निर्दिष्ट करता है?

*(a)* जनसंख्या में वृद्धों (65+) का बढ़ता अनुपात

*(b)* पुरुषों एवं महिलाओं की जीवन प्रत्याशा के बीच असन्तुलन

*(c)* घटती शिशु मृत्युदर

*(d)* आश्रित जनसंख्या की तुलना में तीव्र गति से बढ़ती श्रमजीवी जनसंख्या (वर्किंग पॉपुलेशन)

**103.** Which of the following pairs are matching?

| (Social scientist) | (Research theme in the study of tribal communities) |
|---|---|
| 1. N. K. Bose | : Christianization of tribes |
| 2. Verrier Elwin | : Preservation of separate tribal identity |
| 3. R. K. Mukherjee | : 19th century tribal movements |
| 4. G. S. Ghurye | : Tribes as backward Hindus |

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 4

*(b)* 2 and 4

*(c)* 2 and 3

*(d)* 1 and 3

**104.** Consider the following statements about post-industrial society :

1. Post-industrial society has no impact on the labour class.
2. Knowledge is the source of change in the post-industrial society.
3. Post-industrial society affects only the sphere of economy.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 2

*(b)* 2 only

*(c)* 2 and 3

*(d)* 1 and 3

**105.** The spirit of capitalism is based on

*(a)* rational economic pursuit

*(b)* less work and more pay

*(c)* unwillingness to adapt to new method of work

*(d)* personal relations with workers

**106.** Which of the following represent(s) the change that has taken place in family structure and functioning over the past two centuries?

1. The family has become a mere isolated unit; relatively separate from wider sets of kin and functioning chiefly as a conjugal or nuclear family.
2. The nuclear family exists in close interlinkages with a wider network of kin extending over two or more generations.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**103.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन-से सुमेलित हैं?

| (समाज वैज्ञानिक) | | (जनजातीय समुदायों के अध्ययन में शोध विषयवस्तु) |
|---|---|---|
| 1. एन० के० बोस | : | जनजातियों का ईसाईकरण (क्रिश्चियनाइज़ेशन) |
| 2. वेरियर एल्विन | : | पृथक् जनजातीय पहचान का परिरक्षण |
| 3. आर० के० मुखर्जी | : | 19वीं सदी के जनजातीय आन्दोलन |
| 4. जी० एस० घुर्ये | : | पिछड़े हिन्दुओं के रूप में जनजातियाँ |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1 और 4

*(b)* 2 और 4

*(c)* 2 और 3

*(d)* 1 और 3

**104.** उत्तर-औद्योगिक समाज के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उत्तर-औद्योगिक समाज का श्रमिक वर्ग पर कोई प्रभाव नहीं है।
2. उत्तर-औद्योगिक समाज में ज्ञान परिवर्तन का स्रोत होता है।
3. उत्तर-औद्योगिक समाज केवल अर्थव्यवस्था के क्षेत्र को प्रभावित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* 2 और 3

*(d)* 1 और 3

**105.** पूँजीवाद का सार-तत्त्व (स्पिरिट) किस पर आधारित है?

*(a)* यौक्तिक आर्थिक अनुसरण

*(b)* कम कार्य और अधिक वेतन

*(c)* काम के नये तरीके के अनुकूल बनने में अनिच्छा

*(d)* कामगारों के साथ व्यक्तिगत सम्बन्ध

**106.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से, विगत दो शताब्दियों में परिवार की संरचना और उसके प्रकार्य में आए हुए बदलाव को निरूपित करता/करते है/हैं?

1. परिवार, अधिक विस्तृत स्वजन-समुच्चयों से अपेक्षाकृत विलगित और मुख्यतः दाम्पत्य अथवा मूल परिवार के रूप में प्रकार्य करता हुआ, एक पृथक्कृत इकाई मात्र बनकर रह गया है।
2. मूल परिवार, दो या अधिक पीढ़ियों तक फैले नातेदारों के अधिक विस्तृत नेटवर्क के साथ निकट अन्तर्सहलग्नताओं में विद्यमान होता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**107.** Which one of the following is ***not*** included by A. R. Radcliffe-Brown in the concept of social structure?

*(a)* It is a network of social relationships

*(b)* It contains social relationships of dyadic nature

*(c)* Every structure has a function

*(d)* It is abstract, having no relation with the existing reality

**108.** Which one of the following statements regarding culture is ***not*** correct?

*(a)* Culture is an acquired pattern of living

*(b)* Culture represents heritage

*(c)* Culture is natural

*(d)* Culture includes material as well as non-material objects of life

**109.** Consider the following statements :

1. Industrialization is responsible for breaking down caste hierarchy in India.
2. The concept of industrialism is associated with the concept of Fordism.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**110.** Which one of the following impacts of globalization on relative deprivation was most prominent in the last two decades?

*(a)* Relative deprivation disappeared

*(b)* Relative deprivation decreased

*(c)* Relative deprivation increased

*(d)* No impact on relative deprivation

**111.** According to Anthony McGrew, what are the impacts of globalization on national identities?

1. National identities are being eroded as a result of the growth of cultural homogenization and the global post-modernism.
2. National and other local or particularistic identities are being strengthened by the resistance to globalization.
3. National identities are declining but new identities of hybridity are taking their place.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 2 and 3 only

**107.** ए० आर० रैडक्लिफ-ब्राउन द्वारा, सामाजिक संरचना के सम्प्रत्यय में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक शामिल **नहीं** किया गया है?

*(a)* यह सामाजिक सम्बन्धों का नेटवर्क है

*(b)* इसमें द्विकीय प्रकृति के सामाजिक सम्बन्ध होते हैं

*(c)* हर संरचना का एक प्रकार्य होता है

*(d)* यह अमूर्त है, जिसका विद्यमान वास्तविकता से कोई सम्बन्ध नहीं है

**108.** संस्कृति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही नहीं है?

*(a)* संस्कृति, जीने का एक अर्जित प्रतिरूप है

*(b)* संस्कृति, विरासत को निरूपित करती है

*(c)* संस्कृति सहज (नेचुरल) है

*(d)* संस्कृति में जीवन के भौतिक तथा साथ ही अभौतिक पदार्थ शामिल हैं

**109.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत में जाति सोपानिकी को तोड़ने में उद्योगीकरण उत्तरदायी है।
2. उद्योगवाद की संकल्पना फोर्डवाद की संकल्पना से सम्बद्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**110.** पिछले दो दशकों में, सापेक्ष वंचन पर वैश्वीकरण का निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रभाव सर्वप्रमुख रहा?

*(a)* सापेक्ष वंचन समाप्त हो गया

*(b)* सापेक्ष वंचन घट गया

*(c)* सापेक्ष वंचन बढ़ गया

*(d)* सापेक्ष वंचन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा

**111.** एंथॉनी मैक्ग्रू के अनुसार, राष्ट्रीय पहचानों पर वैश्वीकरण के क्या प्रभाव हैं?

1. सांस्कृतिक समरूपीकरण और वैश्विक उत्तर-आधुनिकतावाद बढ़ने के परिणामस्वरूप राष्ट्रीय पहचानों का क्षरण हो रहा है।
2. वैश्वीकरण के प्रति प्रतिरोध के द्वारा, राष्ट्रीय एवं अन्य स्थानीय या विशिष्टतापरक पहचानें मजबूत हो रही हैं।
3. राष्ट्रीय पहचानें क्षीण हो रही हैं किन्तु संकरता की नई पहचानें उनका स्थान ले रही हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* केवल 2 और 3

**112.** Which of the following statements about tribes in India is/are ***not*** correct?

1. Tribes have lower sex ratio than non-tribes in their respective States.
2. Tribes live in hilly or jungle areas isolated from the mainstream.
3. Typically, brideprice is the form of marriage payments among some tribes.
4. Tribes in India are linguistically heterogeneous.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1 and 4

*(d)* 1, 2 and 3

**113.** Which of the following can diffuse across culture and bring cultural changes through diffusion?

1. Cultural knowledge
2. Customs and practices
3. Material products
4. Religious beliefs

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2, 3 and 4

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 1, 2 and 4 only

**114.** Consider the following stages of Jean Piaget's theory of cognitive development :

1. Concrete operational stage
2. Formal operational stage
3. Sensory motor stage
4. Pre-operational stage

Which one of the following is the correct order of the stages?

*(a)* 1–4–2–3

*(b)* 4–1–2–3

*(c)* 3–4–1–2

*(d)* 3–1–4–2

**115.** The Jajmani system of traditional Indian society was interpreted by T. O. Beidelman as a system of

*(a)* social interdependence among castes for survival

*(b)* interchange of goods and services among castes

*(c)* economic interdependence and welfare among castes

*(d)* exploitation whereby the upper castes exploit the lower castes

**112.** भारत में जनजातियों के बारे में निम्नलिखिंत में से कौन-सा/से कथन सही **नहीं** है/हैं?

1. अपने-अपने राज्यों में, जनजातियों में गैर-जनजातियों की तुलना में लिंग-अनुपात न्यूनतर है।
2. जनजातियाँ, मुख्यधारा से विलगित, पहाड़ी या जंगल क्षेत्रों में निवास करती हैं।
3. प्रारूपिकतः, कुछ जनजातियों में वधूशुल्क ही विवाह-भुगतानों का रूप है।
4. भारत में जनजातियाँ भाषाई तौर पर विषमजातीय हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 4

*(d)* 1, 2 और 3

**113.** निम्नलिखित में कौन-कौन से, संस्कृति के आर-पार विसरित हो सकते हैं और विसरण के द्वारा सांस्कृतिक परिवर्तन ला सकते हैं?

1. सांस्कृतिक ज्ञान
2. रूढ़ियाँ एवं प्रथाएँ
3. भौतिक उत्पाद
4. धार्मिक विश्वास

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 2, 3 और 4

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* केवल 1, 2 और 4

**114.** ज्याँ पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त की निम्नलिखित अवस्थाओं पर विचार कीजिए :

1. मूर्त संक्रियात्मक अवस्था
2. आकारिक संक्रियात्मक अवस्था
3. संवेदी प्रेरक अवस्था
4. पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था

निम्नलिखित में से कौन-सा एक इन अवस्थाओं का सही क्रम है?

*(a)* 1–4–2–3

*(b)* 4–1–2–3

*(c)* 3–4–1–2

*(d)* 3–1–4–2

**115.** पारम्परिक भारतीय समाज की जजमानी व्यवस्था की, टी० ओ० बाइडलमैन ने, किस व्यवस्था की तरह व्याख्या की थी?

*(a)* जातियों के बीच, उत्तरजीविता के लिए, सामाजिक परस्पर-निर्भरता

*(b)* जातियों के बीच वस्तुओं और सेवाओं का अन्तर्विनिमय

*(c)* जातियों के बीच आर्थिक परस्पर-निर्भरता और कल्याण

*(d)* शोषण, जिसके द्वारा उच्च जातियाँ निम्न जातियों का शोषण करती हैं

**116.** In hypogamous marriage in Hindu society, exogamous principles are relaxed. Which one of the following exogamy is practiced?

(a) Marriage of a woman of lower caste to a man of upper caste

(b) Marriage of a woman of upper caste to a man of lower caste

(c) Marriage of a woman to a man of any caste

(d) Marriage of a man to a woman of any caste

**117.** According to Karl Marx, which one of the following is ***not*** a law of dialectical materialism?

(a) The law of unity and struggle of opposites

(b) The law of transformation of quantity to quality

(c) The law of development of human consciousness

(d) The law of negation of the negation

**118.** A person on his way to attend the office at 10 a.m. found an injured person lying on the road and took him to a hospital. As a result of this, he could not reach his office in time. According to Max Weber, the above may be categorized as a/an

(a) rational action with goal

(b) emotional action

(c) rational action with value

(d) charismatic action

**119.** Consider the following statements :

1. Initiation ceremony in clubs and other exclusive organizations marking the transition from non-member to member is an example of rites of passage.
2. According to R. K. Merton's theory of deviance, ritualism is a form of quasi-deviance.
3. Relationship of a person with the siblings, with the spouse, and with the children is an example of role-set of that person.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1, 2 and 3

**120.** Which one of the following 'causality' is correct in Max Weber's explanation of methodological aspects of social action?

(a) Historical causality

(b) Situational causality

(c) Rational-legal causality

(d) Religious causality

**116.** हिन्दू समाज में प्रतिलोम विवाह में बहिर्विवाह सिद्धान्त शिथिल हो जाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा एक बहिर्विवाह व्यवहार में है?

*(a)* निम्न जाति की स्त्री का उच्च जाति के पुरुष से विवाह

*(b)* उच्च जाति की स्त्री का निम्न जाति के पुरुष से विवाह

*(c)* एक स्त्री का किसी भी जाति के पुरुष से विवाह

*(d)* एक पुरुष का किसी भी जाति की स्त्री से विवाह

**117.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, कार्ल मार्क्स के अनुसार, द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद का नियम **नहीं** है?

*(a)* एकता और विरोधियों के संघर्ष का नियम

*(b)* परिमाण के, गुण में रूपान्तरण का नियम

*(c)* मानव चेतना के विकास का नियम

*(d)* निषेध के निषेध का नियम

**118.** दस बजे सुबह दफ्तर जाते समय किसी व्यक्ति को सड़क पर पड़ा हुआ एक घायल व्यक्ति मिला और वह उसे अस्पताल ले गया। इसके परिणामस्वरूप, वह दफ्तर समय से नहीं पहुँच सका। मैक्स वेबर के अनुसार, उपर्युक्त को किस रूप में संवर्गीकृत किया जा सकता है?

*(a)* लक्ष्ययुक्त तर्कसंगत कार्य

*(b)* भावनात्मक कार्य

*(c)* मूल्ययुक्त तर्कसंगत कार्य

*(d)* चमत्कारी कार्य

**119.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. क्लबों एवं अन्य विशिष्ट संगठनों में, गैर-सदस्य से सदस्य में संक्रमण के द्योतक दीक्षा समारोह, जीवन-यात्रा संस्कार का उदाहरण है।

2. आर० के० मर्टन के विसामान्यता सिद्धान्त के अनुसार, कर्मकाण्डवाद एक विसामान्यतावत् रूप है।

3. किसी व्यक्ति का, भाई-बहनों से, विवाहिती से और सन्तानों से सम्बन्ध उस व्यक्ति के भूमिका-विन्यास का उदाहरण है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* 1, 2 और 3

**120.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक 'कारणता' सामाजिक क्रिया के क्रियापद्धति पक्षों की मैक्स वेबर द्वारा दी गई व्याख्या के अनुसार सही है?

*(a)* ऐतिहासिक कारणता

*(b)* स्थितिपरक कारणता

*(c)* तार्किक-विधिक कारणता

*(d)* धार्मिक कारणता

## SPACE FOR ROUGH WORK

**SPACE FOR ROUGH WORK**

★ ★ ★

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : N–DTQ–K–UQE** | **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

क्रम संख्या 56433

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## समाजशास्त्र

**समय : दो घण्टे** | **पूर्णांक : 300**

## अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।
2. उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ** न लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

*Note* : English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.